पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Pages in Booklet : 12
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

**Paper Code : 01**

**Sub: HINDI**

**समय : 2.00 घण्टे**
**Time : 2.00 Hours**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No.

1005163

# ISP-12

## Paper - I

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें। ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।
6. OMR उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
7. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं।

**चेतावनी:** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with blue ball point pen only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. 5 Marks can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

01-○

1. किस विकल्प में सभी शब्द 'पेड़' के पर्यायवाची हैं ?
(1) विटप, द्रुम
(2) पुहुप, तरु
(3) रसाल, पादप
(4) वृक्ष, अरण्य

2. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं हैं ?
(1) ऊँट, करभ
(2) रात, यामिनी
(3) कपोत, पिक
(4) इच्छा, अभीप्सा

3. किस वाक्य में 'निपात' का प्रयोग हुआ है ?
(1) मैं कल आ सकता हूँ।
(2) संभवतः वह आएगा।
(3) मुझे आने तो दो।
(4) वह पटना गया था।

4. किस विकल्प में सभी विशेषण शब्द संज्ञा शब्दों से रचित हैं ?
(1) वार्षिक, निचला
(2) पीड़ित, दयनीय
(3) भीतरी, आपसी
(4) शिक्षित, कमाऊ

5. निम्नलिखित में 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है :
(1) तटिनी
(2) पयस्विनी
(3) आपगा
(4) सरसी

6. किस विकल्प में समश्रुत-भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ भेद सही नहीं है ?
(1) ऋत-ऋतु = सही/सच्चा - मौसम/वर्ष का एक भाग
(2) वसन-व्यसन = कपड़ा-बुरी लत
(3) शोथ-शोध = सूजन-शुद्धि संस्कार
(4) वृंत-वृंद = समूह-डंठल

7. किन समश्रुत शब्दों का अर्थ भेद सही नहीं है ?
(1) द्रव-द्रव्य = तरल-पदार्थ
(2) चिर-चीर = वस्त्र-दीर्घकाल
(3) स्रोत-श्रोत = धारा-कान
(4) हरण - हरिण = चुराना-मृग

8. 'परिच्छद-परिच्छेद' शब्दों का सही अर्थ भेद है
(1) अनुभाग - आवरण
(2) सीमा - नौकर-चाकर
(3) काटना - साज-सामान
(4) आवरण - अनुभाग

9. किस विकल्प के शब्द परस्पर विलोम नहीं हैं ?
(1) श्लाघनीय - प्रशंसनीय
(2) ऋत - अनृत
(3) सापेक्ष - निरपेक्ष
(4) साम्य - वैषम्य

10. किस विकल्प में विलोम-शब्द-युग्म नहीं है ?
(1) सम्मुख - विमुख
(2) संग्रह - परिग्रह
(3) सघन - विरल
(4) ऋजु - वक्र

11. निम्नलिखित में विलोम युग्म है :
(1) सुकर-दुष्कर
(2) मूढ़-विमूढ़
(3) विज्ञ-अभिज्ञ
(4) सामिष-आमिष

12. 'कही हुई बात को फिर-फिर कहना' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
(1) वाचाल
(2) तार्किक
(3) पिष्टपेषण
(4) पूर्वग्रह

13. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'संप्रदान कारक' के परसर्ग (विभक्ति चिह्न) का प्रयोग हुआ है ?
(1) उस जगह एक सभा होने जा रही है ।
(2) लड़का अब अपने पाँव से चलता है ।
(3) वह घर से बाहर आया ।
(4) राम के हित लक्ष्मण वन गए थे ।

14. 'जिसका आचरण अच्छा हो' – वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द होगा
(1) सदाचारी
(2) साधु
(3) सज्जन
(4) सद्भावी

15. 'ऐसा रोग जो छूने मात्र से फैलता हो' – के लिए सार्थक शब्द होगा :
(1) घातक रोग
(2) असाध्य रोग
(3) चर्म रोग
(4) संक्रामक रोग

16. 'ज्ञान प्राप्ति की इच्छा रखने वाला' – वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
(1) पिपासु
(2) जिज्ञासु
(3) संन्यासी
(4) तपस्वी

17. कौन सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है ?
(1) होश
(2) आँसू
(3) बाल
(4) आकाश

18. किस वाक्य में 'मध्यमपुरुष' का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) इस विषय में आपकी क्या राय है ?
(2) हम अपने आपको भूल गए । निजवाचक
(3) यह बात आप ही कह दीजिए ।
(4) आपको यही उचित लगता है, तो ठीक है ।

19. 'हिमालय से अनेक नदियाँ निकलती हैं ।' इस वाक्य में किस कारक के परसर्ग का प्रयोग हुआ है ?
(1) करण कारक
(2) अपादान कारक
(3) अधिकरण कारक
(4) संबंध कारक

20. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
(1) साथी, घी, शक्कर
(2) इमली, चाँदी, लौकी
(3) भलाई, हलवाई, ईसाई
(4) हाथी, बालू, आलू

21. किस विकल्प में कोई भी शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?
(1) पानी, ज्ञानी, नानी
(2) प्रतिपदा, मंगलवार, टोपी
(3) नींबू, दही, केला
(4) नदी, झील, सरोवर

22. 'आवृत्तिमूलक पक्ष' से संबंधित वाक्य है

(1) वह स्कूल जाता है ।

(2) बच्ची सो चुकी है ।

(3) बालक पुस्तक पढ़ रहा है ।

(4) मोहन अध्यापक है ।

23. 'कर्तृवाच्य' से संबंधित वाक्य है

(1) किसान द्वारा फसल काट ली गई ।

(2) लड़का पढ़ रहा है ।

(3) वह बात उससे पता चली ।

(4) चोर पकड़ा गया है ।

24. किस विकल्प में 'समश्रुत भिन्नार्थक' शब्दों के अर्थ सुमेलित नहीं हैं ?

(1) तर्क–तक्र = बहस–छाछ

(2) निर्माण–निर्वाण = रचना–मोक्ष

(3) जठर–जरठ = ज्येष्ठ/बड़ा – बूढ़ा

(4) पथ–पथ्य = मार्ग/रास्ता – बीमार को दिया जाने वाला हितकर भोजन आदि

25. किस विकल्प में 'समश्रुत भिन्नार्थक' शब्दों के अर्थ सुमेलित हैं ?

(1) अनिल–अनल = आग–हवा

(2) सर्वथा–सर्वदा = सब तरह से–सदैव/हमेशा

(3) जलद–जलज = कमल–बादल

(4) अश्व–अश्म = घोड़ा–खच्चर

26. 'निश्चयार्थ वृत्ति' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?

(1) शायद वह आज आ जाए ।

(2) भगवान सबका भला करे ।

(3) बच्चे ने पुस्तक पढ़ ली है ।

(4) हमें सदैव सच बोलना चाहिए ।

27. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) मद्‌देनजर, चारागाह, तंदुरस्त

(2) चरागाह, तंदुरस्त, मध्येनजर

(3) तंदुरुस्त, मद्‌देनजर, चरागाह

(4) मध्येनजर, चारागाह, तंदुरस्त

28. किस वाक्य में 'भाववाच्य' नहीं है ?

(1) कमज़ोरी के कारण लड़के से चला नहीं जाता ।

(2) छोटे बच्चों से सीढ़ियाँ नहीं चढ़ी जातीं ।

(3) वह प्रतिदिन स्कूल नहीं जाता है ।

(4) मुझसे सुबह जल्दी नहीं उठा जाता ।

29. कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) 'कर्तृवाच्य' भी अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है ।

(2) 'कर्मवाच्य' अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है ।

(3) 'भाववाच्य' केवल अकर्मक क्रियाओं में ही होता है ।

(4) प्रेरणार्थक क्रियाएँ सदैव सकर्मक ही होती हैं ।

30. कौन सा कथन गलत है ?

(1) मिश्रवाक्य में मुख्य उपवाक्य एक ही रहता है, लेकिन आश्रित उपवाक्य एक से अधिक हो सकते हैं ।

(2) साधारण वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होता है ।

(3) वाक्य में प्रयुक्त क्रिया को 'उद्देश्य' और कर्ता को 'विधेय' कहते हैं ।

(4) रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन प्रमुख भेद किये जाते हैं : 1. साधारण, 2. मिश्र और 3. संयुक्त वाक्य ।

31. इनमें विलोम-शब्द-युग्म नहीं है :

(1) हार-परिहास
(2) व्यष्टि-समष्टि
(3) मूक-वाचाल
(4) स्थावर-जंगम

32. इनमें विलोम-शब्द-युग्म नहीं है :

(1) जड़-चेतन
(2) वैतनिक-सवैतनिक
(3) स्वकीय-परकीय
(4) हर्ष-विषाद

33. किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं ?

(1) ध्यातव्य, भवन्निष्ठ
(2) धातव्य, भवनिष्ठ
(3) भवन्निष्ठ, धातव्य
(4) भवनिष्ठ, ध्यातव्य

34. इनमें वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध नहीं है ?

(1) दृष्टा
(2) सृष्टि
(3) वापस
(4) मत्स्य

35. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(1) व्यस्क
(2) द्वितिय
(3) दम्पती
(4) बुद्धवार

36. इनमें संयुक्त वाक्य कौन सा है ?

(1) लाखों लोग कोरोना से काल कवलित हो गए ।
(2) मैंने सुना है कि आप अच्छे कवि हैं ।
(3) जब बरसात थमी, तब हम लोग बाहर निकले ।
(4) वह आगे बढ़ गया, लेकिन परिवार पीछे रह गया ।

37. निम्नलिखित में सरल/साधारण वाक्य है :

(1) दिन का थका हुआ आदमी रात को खूब सोता है ।
(2) जो जितना मांगता, उसको उतना दिया जाता ।
(3) मेरा भाई यहाँ आएगा या मैं ही उसके पास जाऊँगा ।
(4) जहाँ अभी रेगिस्तान है, वहाँ किसी समय जंगल था ।

38. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है

(1) वहाँ जो कुछ देखने योग्य था, मैंने सब देख लिया ।
(2) मैं आगे बढ़ गया और वह पीछे रह गया ।
(3) वह ऐसी बातें कहता है, जिनसे सबको बुरा लगता है ।
(4) उन्होंने जो कुछ दिया, उसी से मुझे परम संतोष है ।

39. 'मैंने लड़के को पुस्तक पढ़ाई ।'
उक्त वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद है

(1) द्विकर्मक
(2) पूर्वकालिक
(3) संयुक्त
(4) अकर्मक

40. कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?

(1) मुझे उसका काम अच्छा लगता है ।

(2) मैंने स्वयं को कितनी बार समझाया ।

(3) वह बुरे आदमी नहीं है ।

(4) दाल में कुछ गिरा है ।

41. व्याकरण की दृष्टि से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) किसी वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ बताया जाता है, उसे विधेय कहते हैं ।

(2) किसी भी वाक्य में कर्ता और कर्म का होना आवश्यक होता है ।

(3) वाक्य के दो प्रमुख घटक माने गये हैं : 1. उद्देश्य और 2. विधेय

(4) सार्थक शब्द समूह को वाक्य कहते हैं ।

42. व्याकरण की दृष्टि से गलत कथन है

(1) सर्वनाम और क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया-विशेषण कहलाते हैं ।

(2) क्रिया के प्रमुख रूप से दो भेद माने गये हैं : 1. सकर्मक और 2. अकर्मक

(3) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं ।

(4) संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं ।

43. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :

(1) वह सारी रातभर जागता रहा ।

(2) एक लोटा पानी से भरा लाओ ।

(3) साहित्य और समाज का घनिष्ठ संबंध है ।

(4) मेरी बात ध्यान के साथ सुनो ।

44. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :

(1) यही वे कारण हैं, जिनके कारण वह परेशान हैं ।

(2) हमारे देश में अनेक रमणीक स्थल हैं ।

(3) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पिस गए ।

(4) तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए ।

45. 'आदि-आदी' शब्द-युग्म का सही अर्थ है :

(1) अभ्यस्त-आरंभ

(2) आरंभ-आदिवासी

(3) आरंभ-अभ्यस्त

(4) आदिवासी-आरंभ

46. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) अश्वमेध का घोड़ा पकड़ा गया ।

(2) आपकी सौभाग्यवती कन्या का विवाह कब होगा ।

(3) हरिश्चंद्र के समीप कोई सत्यवादी नहीं हुआ ।

(4) वह पुत्रवत् प्रजा का पालन करता था ।

47. कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(1) मुझे शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तक चाहिए ।

(2) वह पुस्तक जो आलमारी में रखी है, वह बहुत अच्छी है ।

(3) बकरी को बारीक काटकर घास खिलाओ ।

(4) यह बात जब मैं छोटा था, उस समय की है ।

48. कौन सा वाक्य शुद्ध नहीं है ?

(1) कहानी सुनकर हमें बहुत आनंद आया ।

(2) हमें शुद्ध भाषा का प्रयोग करना चाहिए ।

(3) देश के सभी लोग एकजुट हैं ।

(4) बेफालतू बात मत करो ।

49. 'सिर मुँड़ाते ही ओले पड़ना' मुहावरे का उपयुक्त भावार्थ है

(1) उत्सव के माहौल का ग़म में बदल जाना ।

(2) कार्यारंभ होते ही विघ्न पड़ना ।

(3) अचानक बड़ी विपदा का आ जाना ।

(4) आगे होकर परेशानी मोल लेना ।

50. 'गागर में सागर भरना' का भावार्थ है :

(1) छोटे बर्तन में बहुत अधिक पानी भरना ।

(2) बहुत कम शब्दों में महत्त्वपूर्ण बात कहना ।

(3) समुद्र से छोटे बर्तन में पानी लाना ।

(4) असंभव कार्य करना ।

51. निम्नलिखित में गलत कथन है :

(1) अल्पविराम से अधिक और पूर्ण विराम से कम समय तक ठहरने के लिए अर्द्धविराम का प्रयोग किया जाता है ।

(2) विषय विभाजन में क्रमसूचक अंकों या अक्षरों के साथ कोष्ठक का प्रयोग किया जाता है ।

(3) जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्दों का अर्थ संबंधवाचक शब्दों जैसा होता है, उनके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगाया जाता है ।

(4) वाक्य के अंत में प्रश्नसूचक या विस्मयसूचक चिह्न आने पर पूर्ण विराम नहीं लगाया जाता है ।

52. 'माँ ने बच्चों के झगड़े को ...... पड़ोसियों में सिर फुटौवल करवा दी ।'

उक्त वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा –

(1) तिल का ताड़ बनाकर

(2) घाव पर नमक छिड़ककर

(3) मीन-मेख निकालकर

(4) पानी में आग लगाकर

53. 'एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा' लोकोक्ति का उपयुक्त भावार्थ है

(1) कुसंग से बुरे का अधिक बुरा हो जाना ।

(2) सज्जन द्वारा कपट व्यवहार करना ।

(3) चालाक का अधिक चालाक से सामना होना ।

(4) गुणी व्यक्ति ही गुणवान को पहचानता है ।

54. किस मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?

(1) थूककर चाटना = कहकर मुकर जाना

(2) नाक भौं सिकोड़ना = अरुचि और अप्रसन्नता प्रकट करना

(3) सूरज पर थूकना = किसी निर्दोष पर लांछन लगाना

(4) घड़ों पानी पड़ना = बहुत वर्षा होना

55. 'कमजोर द्वारा शक्ति प्रदर्शन करना / नष्ट होने के करीब पहुँचना' भावार्थ से संबंधित लोकोक्ति/मुहावरा है

(1) मेरी बिल्ली मुझसे ही म्याऊँ

(2) चींटी के पर निकलना

(3) अधजल गगरी छलकत जाए

(4) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

56. "अत्यधिक परिश्रम से आरंभ किए व्यापार में बहुत कम लाभ होने पर, हताश उद्यमी ने कहा .... ।"

उक्त वाक्य के रिक्त स्थान में प्रयुक्त लोकोक्ति है

(1) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत

(2) बैठे से बेगार भली

(3) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(4) ओखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या डर

57. किस विकल्प में हिंदी पारिभाषिक शब्द का सही प्रयोग हुआ है ?

(1) Accountability = लेखा संबंधी
(2) Arbitrary = उचित
(3) Judicious = विधिसम्मत
(4) Appeasement = तुष्टीकरण

58. किस विकल्प में हिंदी पारिभाषिक शब्द का सही प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) Legal Protection = विधिक संरक्षण
(2) Attorney General = महाधिवक्ता
(3) Apparent = प्रकट
(4) Assume = ग्रहण करना

59. किस विकल्प में लोकोक्ति का भावार्थ असंगत है ?

(1) साँच को आँच नहीं = सच्चा व्यक्ति डरता नहीं
(2) हाथ कंगन को आरसी क्या = प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं
(3) नेकी कर दरिया में डाल = भला करके भूल जाना
(4) चोर की दाढ़ी में तिनका = अपराधी का निश्शंक होना

60. 'आग बबूला होना' का भावार्थ है

(1) भयंकर आग लगना
(2) अत्यंत क्रोध करना
(3) लू के बगूले उठना
(4) बबूल के पेड़ में आग लगना

61. 'अपने पैरों पर खड़े होना' का भावार्थ है

(1) बिना किसी छड़ी आदि के अपने आप आगे बढ़ना
(2) छोटे बच्चों का चलना सीखना
(3) आत्मनिर्भर होना
(4) सावधानीपूर्वक चलना

62. Authority शब्द का सुसंगत पारिभाषिक शब्द नहीं है :

(1) प्राधिकरण
(2) लेखकीय अधिकार
(3) अधिकारी विद्वान
(4) प्राधिकार

63. किस विकल्प में सुसंगत पारिभाषिक शब्द नहीं है ?

(1) Act = अधिनियम
(2) Legible = सुवाच्य
(3) Retrospective = भूतलक्षी
(4) Transport = आयात-निर्यात

64. किस विकल्प में गलत पारिभाषिक शब्द है ?

(1) Reimbursement = प्रतिपूर्ति
(2) Indemnity = क्षतिपूर्ति
(3) Apprentice = प्रशिक्षण
(4) Juvenile Court = किशोर न्यायालय

65. Gross Misconduct के लिए समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा :

(1) घोर अशिष्टता
(2) भारी अपचारिता
(3) घोर कदाचार
(4) सकल दुर्व्यवहार

66. Jurisdiction के लिए समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा :

(1) क्षेत्राधिकार
(2) विशेषाधिकार
(3) विशिष्ट क्षेत्र
(4) कार्यक्षेत्र

67. Approach शब्द का असंगत पारिभाषिक शब्द है :

(1) सिफ़ारिश
(2) दृष्टिकोण
(3) उपमार्ग
(4) पहुँच

68. किस शब्द का संधि-विच्छेद सही नहीं है ?
(1) अनुष्ठान = अनु + स्थान
(2) परिणत = परि + नत
(3) आद्योपांत = आदि + उपांत
(4) सच्छास्त्र = सत् + शास्त्र

69. इनमें से कौन सा संधि-शब्द सही नहीं है ?
(1) मन: + ताप = मनस्ताप
(2) नि: + रोग = नीरोग
(3) तथा + एव = तथैव
(4) रवि + इन्द्र = रविन्द्र

70. इनमें से कौन सा संधि-शब्द गलत है ?
(1) सत् + मार्ग = सद्मार्ग
(2) सत् + गति = सद्गति
(3) चित् + मय = चिन्मय
(4) सत् + जन = सज्जन

71. निम्नलिखित में से किस शब्द की संधि सही है ?
(1) राम + ईश = रमेश
(2) शीत + ऋतु = शीतर्तु
(3) गति + अवरोध = गत्यावरोध
(4) स्त्री + उचित = स्त्रीयोचित

72. किस शब्द की संधि सही नहीं है ?
(1) सत् + चरित्र = सच्चरित्र
(2) वाक् + ईश = वागीश
(3) षट् + आनन = षडानन
(4) तत् + उपरांत = तदोपरांत

73. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द संधि रहित है ?
(1) फलस्वरूप
(2) तल्लीन
(3) परिणाम
(4) अनुच्छेद

74. किस विकल्प में द्वंद्व समास नहीं है ?
(1) चालचलन
(2) हानिलाभ
(3) मातापिता
(4) परमपिता

75. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द उपसर्ग रहित है ?
(1) आरोह
(2) आनंद
(3) आकार
(4) आसन

76. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए हैं ?
(1) अधुनातन
(2) अधिकारी
(3) सुंदरता
(4) आलंकारिक

77. द्वंद्व समास का उदाहरण है
(1) गौशाला
(2) मनचाहा
(3) शीतोष्ण
(4) प्रत्यक्ष

78. किस विकल्प में कर्मधारय समास नहीं है ?
(1) लघुकथा
(2) आपबीती
(3) देहलता
(4) नीलगाय

79. इनमें से किस विकल्प में तत्पुरुष समास है ?
(1) तुलसीकृत
(2) मंदबुद्धि
(3) कामकाज
(4) आमरण

80. किस शब्द में 'गार' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) रोजगार
(2) मददगार
(3) यादगार
(4) स्नानागार

81. निम्नलिखित में तत्सम शब्द नहीं है :
(1) बिंदु
(2) त्योहार
(3) आदर
(4) दुर्बल

82. किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) दंड, शिर, शाक
(2) आग, पत्र, दही
(3) धैर्य, परख, प्रगट
(4) विवाह, कहानी, नाच

83. इनमें से किस शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है ?
(1) बेगुनाह
(2) बेखबर
(3) बेलदार
(4) बेकार

84. इनमें से किस शब्द में 'ईन' प्रत्यय नहीं है ?
(1) शौकीन
(2) ग़मगीन
(3) रंगीन
(4) नमकीन

85. किस शब्द में 'ल' प्रत्यय नहीं है ?
(1) श्यामल
(2) मांसल
(3) अतल
(4) मंजुल

86. किस वाक्य में विदेशी मूल के शब्द नहीं हैं ?
(1) वह सदैव सच बोलता है ।
(2) कार-बस की टक्कर में अनेक लोग घायल हो गए ।
(3) उसने मुझे आवाज दी ।
(4) इस प्रश्न का उत्तर मुझे मालूम है ।

87. किस विकल्प में कोई भी शब्द विदेशी मूल का नहीं है ?
(1) चेहरा, मौसम
(2) देहात, आसान
(3) अकेला, साहस
(4) दोस्त, खुशी

88. किस विकल्प के सभी शब्द 'तद्भव' हैं ?
(1) छकड़ा, काजल, खेत
(2) चाँद, झरना, झुण्ड
(3) गात, गाहक, गणपति
(4) सहज, संजोग, समंदर

89. किस विकल्प में तत्सम और तद्भव दोनों प्रकार के शब्द समाहित हैं ?
(1) गाँव, बाघ, बिच्छू
(2) आसरा, पकवान, दही
(3) आँवला, अमावस, कबूतर
(4) आंक, काक, आम

90. निम्नलिखित में देशज शब्द है :
(1) किवाड़
(2) टेंटुवा
(3) टोटका
(4) ओखली

91. गुणवाचक विशेषण से संबंधित वाक्य कौन सा है ?

(1) समारोह में अनेक लोग उपस्थित थे ।

(2) हमें कपटी व्यक्ति से दूर रहना चाहिए ।

(3) यह पुस्तक मेरी है ।

(4) बालक पहली कक्षा में पढ़ता है ।

92. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?

(1) वह पतंग उड़ा रहा है ।

(2) धावक मैदान में दौड़ रहा है ।

(3) बच्चा बहुत देर से रो रहा है ।

(4) वह अभी तक सो रहा है ।

93. किस विकल्प में सभी संज्ञा शब्द क्रिया शब्दों से निर्मित हैं ?

(1) पूजा, जवानी

(2) मिठास, चुनाव

(3) शिक्षा, अच्छाई

(4) भूल, हँसी

94. इनमें विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है :

(1) ममता (सर्वनाम)

(2) समता

(3) सुन्दरता

(4) प्राथमिकता

95. इनमें क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है :

(1) खटाई

(2) उतराई

(3) दौड़

(4) पढ़ाई

96. विस्मयादिबोधक शब्दों के संबंध में कौन सा कथन सही है ?

(1) ये प्राय: वाक्य के प्रारंभ में आते हैं ।

(2) ये वाक्य-रचना के अनिवार्य घटक हैं ।

(3) ये केवल शोक और घृणा का भाव प्रकट करते हैं ।

(4) इनमें वचन के अनुसार विकार होता है ।

97. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) वह तो आज जाएगा ।

(2) मुझे एक गिलास दूध चाहिए ।

(3) मैं भी उसके साथ जाऊँगा ।

(4) वह कल ही चला जाएगा ।

98. किस वाक्य में क्रिया अकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?

(1) मदारी भालू को नचाता है ।

(2) माँ पुत्र को समझाती है ।

(3) बच्चों ने बहुत सुंदर चित्र बनाए ।

(4) वह बिना बात ही हँस रही है ।

99. क्रिया-विशेषण रहित वाक्य है

(1) वे अचानक चले गए । रीति

(2) सुबह से वर्षा लगातार हो रही है । रीति/

(3) वह अपनी कक्षा का सबसे होशियार विद्यार्थी है ।

(4) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो ।

100. किस वाक्य में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग हुआ है ?

(1) मैं वहाँ कदापि नहीं जाऊँगा ।

(2) मेरा गाँव पास में ही है ।

(3) वह बहुत देर से ज्यों का त्यों खड़ा है ।

(4) अपराधी ने पुलिस के सामने झूठ बोला ।